चारों वेदों में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का

चारों वेदों में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का,
जयकारा मेरी मैया का जयकारा मेरी मैया का.........

हमारी ना मानो तो गणपत से पूछो,
गणपत से पूछोरिद्धि सिद्धि से पूछो,
जिनके कानो में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का,
चारों वेदों में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का........

हमारी ना मानो तो ब्रह्मा जी से पूछो,
ब्रह्मा जी से पूछो ब्राह्मणी से पूछो,
जिनके वेदों में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का,
चारों वेदों में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का........

हमारी ना मानो तो विष्णु जी से पूछो,
विष्णु जी से पूछो मैया लक्ष्मी से पूछो,
जिनके चक्र में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का,
चारों वेदों में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का........

हमारी ना मानो तो भोले से पूछो,
भोले बाबा से पूछो मैया गौरा से पूछो,
जिनके डमरू में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का,
चारों वेदों में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का........

हमारी ना मानो तो राम जी से पूछो,
राम जी से पूछो सीता मैया से पूछो,
जिनके धनुष में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का,
चारों वेदों में गूंज रहा जयकारा मेरी मैया का........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31052/title/charo-vedo-me-goonj-raha-jaikara-meri-mayia-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |